

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### श्री बद्री–केदार दर्शन को पहुंचे शहरी विकास एवं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास एवं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सोमवार को भगवान बद्री–केदार के दर्शन किए और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। शहरी विकास मंत्री ने सपरिवार भगवान बद्री–केदार के दर्शन किए। शहरी विकास मंत्री सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। उनके साथ उनके सुपुत्र पीयूष अग्रवाल तथा पुत्र वधू भी दर्शन को पहुंचे। मंदिर समिति के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उनका स्वागत किया तथा श्री केदारनाथ भगवान का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर पुजारी शिवलिंग धर्माचार्य ओंकार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### उद्यान घपले के खिलाफ मसूरी में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। उद्यान घपले को लेकर कांग्रेसियों ने मसूरी के शहीद भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस पुतला लेकर पहुंचे थे, लेकिन पुलिस कांग्रेसियों से पुतला छीनकर ले गई। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस के साथ नोक–झोंक भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। विपक्ष को उसका काम करने से रोक रही है, जिसका जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को देगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में धरना–प्रदर्शन कर रही है। भाजपा सरकार उसको दबाने की कोशिश कर रही है।

### पेसिफिक मॉल में चिलीज का पहला आउटले

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के खाने–पीने के शौकीनों आपकी स्वाद कलिकाओं को आनंद की सवारी पर ले जाने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि पेसिफिक मॉल में चिलीज अमेरिकन ग्रिल एंड बार का अद्वितीय स्वाद आपके स्वाद को बढ़ाने के लिए तैयार है। टेक्स–मेक्स व्यंजनों की जीवंत दुनिया का आनंद लें जिसमें स्वादिष्ट बर्गर, गर्म फजिटास, रसदार चिकन विंग्स, टाकोज, राइस बाउल, स्वादिष्ट मार्गरिट्स और बहुत कुछ शामिल है।

### विज्ञापन ने ब्रांड की छवि को नुकसान पहुंचाया

**संवाददाता** देहरादून। इमामी एग्रोटेक लिमिटेड – इमामी समूह की खाद्य तेल और खाद्य शाखा – इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, एडवांस और मंत्रा ब्रांड नाम के तहत खाना पकाने के तेल, सोया चंक्स और मसालों की एक श्रृंखला के निर्माण, बिक्री और मार्केटिंग में लगी हुई है। कंपनी ने मैरिको लिमिटेड के स्वामित्व वाले ब्रांड सफोला सोया चंक के विज्ञापन दावे के खिलाफ पश्चिम बंगाल में हावड़ा सिविल कोर्ट में अपील की थी।

# सतर्कता विभाग में 103 नये पद सृजित किये जायेंगेः सीएम

**शुभारंभ**

■ 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2023 तक चलने वाले सतर्कता सप्ताह का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2023 तक चलने वाले सतर्कता सप्ताह के अन्तर्गत "भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सतर्कता विभाग में 103 नये पद सृजित किये जायेंगे। सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली को प्रभावी रूप से और बेहतर बनाने के लिए सर्विलांस व तकनीकि विशेषज्ञों की टीम का गठन किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सतर्कता विभाग के इंस्पेक्टर तुषार बोहरा, इंस्पेक्टर भानु प्रकाश आर्य, एएसआई दिवाकर शर्मा और कांस्टेबल नवीन कुमार को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा भी दिलाई।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के दौरान भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं। मुख्यमंत्री ने विजिलेंस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विभाग द्वारा जो कार्रवाई की जा रही है, उसकी माह में दो बार रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सभी विभागीय सचिवों द्वारा अपने विभागों की नियमित मॉनेटरिंग की जाय। उन्होंने कहा कि सतर्कता विभाग को कार्रवाई में तेजी लाने के लिए जो भी फंड की आवश्यकता होगी वह प्रदान की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में विशेष फोकस है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्येक पात्र को पूरा लाभ मिले, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही और भ्रष्ट आचरण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी को अपने कार्य व्यवहार में शालीनता के साथ ही जनहित में कार्य करने की भावना को लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए जारी किये गये नम्बर 1064 का भी व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाय। भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी शिकायत पर शीघ्र रिस्पांस दिया जाय, शिकायत सही पाये जाने पर त्वरित कार्रवाई की जाय।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, एल फैनई, डीजीपी अशोक कुमार, एडीजी पी. वी.के प्रसाद, निदेशक विजिलेंस वी. मुरूगेशन, एडीजी अमित सिन्हा,

### टेक्नोलॉजी का अधिकतम इस्तेमाल जरूरीः सीएस

मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने कहा कि भ्रष्टाचार पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए टेक्नोलॉजी का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए। सभी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से भ्रष्टाचार पर तो अंकुश लगेगा ही साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि ई–रिकार्ड की दिशा में हमें तेजी से आगे बढ़ना है। "भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" का संदेश हम जन–जन तक पंहुचाने में सफल रहे तो भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यह काफी कारगर सिद्ध होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए राज्य में काफी कार्य हुए हैं। हम विजिलेंस से सबंधित शिकायतों पर शत प्रतिशत एक्शन शीघ्रता से लेने में सफल रहेंगे, तो इससे जनता का सरकार पर और विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि विजिलेंस को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किये जाए।

ए. पी अंशुमान एवं शासन के वरिष्ठ अधिकारी और विजिलेंस के अधिकारी उपस्थित थे।

# शिकायतों पर कार्यवाही करें ताकि किसी को भटकना न पड़े

**जनसुनवाई**

■डीएम की अध्यक्षता में किया गया जनसुनवाई का आयोजन

**संवाददाता**



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 120 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि से सम्बन्धित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, भरणपोषण, समाजकल्याण विभाग की पेंशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कोविड काल में अधिग्रहित किये गए वाहन का भुगतान करवाने, दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत कराने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करें ताकि किसी को भटकना न पड़े।

जनसुनवाई नत्थुवाला निवासी वृद्ध महिला द्वारा पुत्र एवं पुत्रवधु द्वारा प्रताड़ित किये जाने तथा भरणपोषण दिलवाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया किया भरणपोषण भत्ते वाले प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करें। जनसुनवाई में विलासपुर में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, जागृति विहार सहस्त्रधारा में भूमि पर अवैध कब्जा, माजरामाफी आईआईपी में भूमि पर अवैध प्लाटिंग, गलज्वाड़ी में पंचायत की भूमि को खुर्दबुर्द करने की शिकायत, स्वामित्व योजना के अन्तर्गत किये गए सर्वे में कम दर्शायी गयी भूमि को रिकार्ड में ठीक करने, आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने भूमि सम्बन्धित शिकायतों पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को जांच करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही एमडीडीए को अवैध प्लाटिंग होने सम्बन्धित शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। रायपुर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की जांच कराने की शिकायत की गई, जिस पर मुख्य कृषि अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### उद्योग मित्र समिति की बैठक की गई आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में उद्योग मित्र समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उद्योग मित्र की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण करें तथा औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधा सड़क, नाली स्ट्रीट लाईट आदि व्यवस्थाएं सुचारू रहें इसके लिए महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र सम्बन्धित विभाग से समन्वय करते हुए आंगणन तैयार करवायें। जिलाधिकारी ने औद्योगिक आस्थान में मार्गों पर अतिक्रमण की समस्या पर नगर निगम एवं नगर निकायों को अभियान चलाते हुए अतिक्रमण से मुक्त करने के निर्देश दिए। लालपुल औद्योगिक आस्थान मार्ग पर अतिक्रमण हटाने तथा सफाई व्यवस्था ठीक किये जाने की मांग पर नगर निगम देहरादून को कार्यवाही के निर्देश दिए साथ ही यातायात पुलिस पार्किंग व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।